हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 मार्च 2025

11 46 लाख रुपये खर्च कर चालू होंगी ट्रैफिक लाइट्स



12 परनाला में ग्राम सभा के दौरान विकास पर चर्चा




SINCE : 1987

# R.E.D. GROUP OF SCHOOLS

## CHHUCHHAKWAS | JHAJJAR | CHARKHI DADRI

(Affiliated with CBSE, New Delhi)

RED is a pioneering, innovative & learning organization serving the society since 1987. It has the environment for nurturing good habits, life skills, values, character and attitude among students through its daily working routines, methods and processes.

## REGISTRATION OPEN

### FOR THE SESSION 2025-26

### For Classes : Nur. to 9th & 11th

## ADMISSION TEST

### 23-03-2025 (Sunday)






### Our Special Features

- RED has professional leadership and creates shared vision with ownership, commitment and alignment of all its stakeholders.
- RED ensures regular professional development of all teachers.
- Coaching for IIT-JEE, NEET, NDA, C.A./C.S., CLAT, CUET & VVM etc.
- Scholarships & Awards for meritorious students of Nur. to XII.
- Special concessions for SC/ST, Physically challenged and Siblings.

### Special Achievements & Successes

- Regular 100% Results in CBSE Board Exams of 10th & 12th.
- Regular Selections in IIT-JEE, NEET, NDA, C.A./C.S., CLAT, CUET & VVM etc.
- RED alumni serving the society in different capacities such as Civil Servants, Doctors, Engineers, Army Officers, Teachers, Lawyers, Bankers and other areas.
- A lot of our alumni are serving various foreign countries in different disciplines.

### School Environment, Routines & Processes

- Safe, disciplined, respectful & learning environment.
- Child centric activity based experiential teaching learning processes for learning & growth of students.
- Well defined and organized Club & House system for school and inter-school level activity exposure for nurturing co-scholastic skills of students.
- Well designed assessment processes for both Academic & Co-curricular Activities.

### Infrastructure Facilities

- World class, lush green CCTV monitored school campus with 24×7 hours power backup.
- Well ventilated, lighted and spacious Smart class rooms
- Well equipped Libraries, Labs for all subjects and excellent facilities for indoor & outdoor sports.



## Hostel Facilities for Boys only at Chhuchhakwas Branch



Chhuchhakwas



Jhajjar



Charkhi Dadri

9992114101 (Chhuchhakwas) | 9992600417 (Jhajjar) | 9992113926 (Charkhi-Dadri)

For more details, kindly visit :
www.redschools.org

## खबर संक्षेप



झज्जर। स्वयंसेवियों को पोक्सो एक्ट संबंधी जानकारी देते हुए एडवोकेट दिव्यता गोयल। फोटो : हरिभूमि

### स्वयंसेवियों को दी पोक्सो एक्ट संबंधी जानकारी

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन शिविर की शुरूआत योग एवं ध्यान द्वारा की गई। प्राचार्य डॉक्टर अनीता फोगाट की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रोग्राम ऑफिसर सुनीता द्वारा स्वयंसेवियों को विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास कराया गया। प्रातःकालीन सत्र में हरियाणा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें यूनिट एक के स्वयंसेवियों ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉक्टर सवीन, डॉक्टर पवित्रा एवं ओमवीर ने निभाई। इसके उपरांत दादरी जिला न्यायालय की एडवोकेट दिव्यता गोयल द्वारा पोक्सो एक्ट नियमों एवं उनके क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। सायंकालीन सत्र में एचडी स्कूल बिरोहड़ की प्राचार्या डॉक्टर नमिता दास ने महिला सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ समझाया। शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता भी कराई गई।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**धारूहेड़ा।** एनएच-48 सर्विस रोड पर खिजूरी के पास एक तेज रफ्तार कार से बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक को काफी चोटें आई। गांव शादीपुर जिला समस्तीपुर बिहार निवासी दीपक ईश्वर ने वह एक साल से गोल्डन हाइट्स गांव खिजूरी में रह रहा है। 12 मार्च को वह गुरुग्राम से बाइक पर खिजूरी आ रहा था। जब वह एनएच-48 की सर्विस लाईन पर खिजूरी कट से थोडा आगे पहुंचा तो सामने से एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी चोटें आई। चालक अपनी कार छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

## फाइनल में रोहिणी को हराकर टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया

# लोवा खुर्द की टीम ने जीती फुटबॉल प्रतियोगिता





बहादुरगढ़। विजेता लोवा खुर्द टीम के सदस्य तथा रवाना होने से पूर्व कोच व रेफरी के साथ मधु। फोटो : हरिभूमि

■ टीम की जीत पर क्लब सदस्यों व ग्रामीणों ने खुशी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में लोवा खुर्द की टीम छाई रही। फाइनल में रोहिणी को हराकर टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया। टीम की जीत पर क्लब सदस्यों व ग्रामीणों ने खुशी जताई है। दरअसल, गत 18 से 19 मार्च तक दिल्ली पुलिस द्वारा अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता किंग्सवे कैंप मॉडल टाउन में करवाई गई थी। इसमें काफी टीमों ने भाग लिया। लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। फाइनल मैच में ग्रास रूट क्लब रोहिणी को 2-1 के अंतर से हराकर लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब विजेता बना। लोवा खुर्द की टीम से पराग टॉप स्कोरर रहा। टीम में शिवम, अरमान, निखिल, चिराग, पराग, आकाश, अभिषेक, कन्व, रोहित, पुनीत, गौरव, टीम कैप्टन प्रियांशु आदि शामिल थे। कोच सुदर्शन सिंह टीम के रिजल्ट को लेकर काफी खुश नजर आए। उन्होंने टीम को ऐसे ही बेहतर अभ्यास करने को प्रेरित किया। ललित राठी, कमेटी प्रधान नरेश कुमार, लाला मास्टर, सरपंच विनोद जून, बीजे, विक्की मास्टर, ढीला कोच, सुनील, भोली आदि ने टीम सदस्यों को जीत की बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए टीम रवाना

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश में शुक्रवार से शुरू हो रही ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ी व रेफरी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वीरवार को यहां की टीम यूपी के लिए रवाना हो गई। रवाना होने से पूर्व खेल प्रेमियों ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। दरअसल, 21 से 25 मार्च तक मेरठ स्थित शुभारती यूनिवर्सिटी में आूल इंडिया यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। देशभर की यूनिवर्सिटी से जुड़े खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। चित्कारा यूनिवर्सिटी में एमबीए सेकंड इयर की छात्रा मधु भी इसमें दमखम निभाएगी। गांव देवरखाना की बेटी मधु इससे पहले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीत कर इलाके का मान बढ़ा चुकी है। इस प्रतियोगिता में झज्जर जिले के जसवंत सिंह व सीमा सैनी का भी बतौर रेफरी सिलेक्शन हुआ है। कोच जसवंत का कहना है कि मधु बेहद शानदार खिलाड़ी है। उससे इस चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल की उम्मीद है।



झज्जर। कार्यक्रम में शिक्षकों व चिकित्सकीय टीम के साथ मौजूद विद्यार्थी।

## भाषण प्रतियोगिता में विकास ने पाया प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में प्राचार्या डॉक्टर अनीता रानी की अध्यक्षता में रेड रिबन क्लब, यूथ रेड क्रॉस और नागरिक अस्पताल, मातनहेल के सयुंक्त तत्वावधान में एचआईवी एवं एड्स बारे जागरूकता फैलाने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रेड रिबन और रेडक्रॉस प्रभारी डॉक्टर अमरदीप ने कहा कि एड्स के बारे में जागरूकता ही इसका सर्वोत्तम बचाव है। यह कोई संक्रामक रोग नहीं है परंतु यह रोग संक्रमित मानव की रोग प्रतिरोधक क्षमता को समाप्त कर देता है। इनके अलावा आईसीटीसी लैब टेक्नीशियन बंटी रानी व काउंसलर कोमल रानी ने कहा कि युवाओं में जागरूकता का अलख जगाकर ही एड्स के फैलाव को रोका जा सकता है। आयोजित भाषण प्रतियोगिता में एमए इतिहास प्रथम वर्ष के विकास ने पहला, एमए इतिहास द्वितीय वर्ष की छात्रा उर्मिला ने दूसरा व आशु ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस दौरान अस्पताल से आई चिकित्सकीय टीम ने विद्यार्थियों की एचआईवी जांच भी की। जिसमें सभी का परिणाम नकारात्मक रहा। इस मौके पर डॉक्टर नरेंद्र सिंह, डॉक्टर राजपाल गुलिया, प्रदीप कुमार, मंजू कुमारी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### अग्निपथ योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया शुरू 10 अप्रैल तक करें ऑनलाइन आवेदन

**झज्जर।** अग्निपथ योजना के तहत जिले के युवाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार दस अप्रैल तक आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती झज्जर, रोहतक, सोनीपत व पानीपत जिलों के युवाओं के लिए खुला है। सेना भर्ती कार्यालय रोहतक के निदेशक ने बताया कि यह भर्ती प्रक्रिया अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन के पदों के लिए आयोजित की जा रही है।

## कौशिक ने किया वाल्मीकि का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा के नवनियुक्त झज्जर जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि का पूर्व विधायक नरेश कौशिक के झज्जर रोड स्थित कार्यालय पर भी स्वागत किया गया। उन्होंने पार्टी का संगठन अधिक मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। नरेश कौशिक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार अंत्योदय की भावना से सर्वजन की भलाई कर रही है।



बहादुरगढ़। विकास वाल्मीकि का अभिनंदन करते नरेश कौशिक व अन्य।

## विधायक पुत्र ने किया जिलाध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून के पुत्र सचिन जून ने भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि का बहादुरगढ़ में स्वागत व सम्मान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के माध्यम से सभी वर्गों की भलाई कर रही है।

सभी कार्यकर्ता भी सरकार की कल्याणकारी नीतियों व संगठन की विचारधारा से जन-जन को अवगत कराएं। दरअसल, विधायक राजेश जून के विधानसभा सत्र के कारण चंडीगढ़ में व्यस्त होने पर उनके पुत्र सचिन जून ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि का बहादुरगढ़ पहुंचने पर स्वागत किया। पटका ओढ़ाकर सम्मान करते हुए उन्हें नियुक्ति पर बधाई दी।

सचिन राजेश जून ने कहा कि सीएम नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में विधायक राजेश जून द्वारा बहादुरगढ़ का विकास करवाया जा रहा है। इस अवसर पर संजीव सैनी, बलराज दलाल, सुखबीर फौजी, जयपान खत्री, प्रिंस जून, प्रदीप तहलान, सोनू, अमन जून व सोनू मान आदि ने विकास वाल्मीकि का स्वागत व सम्मान किया।



बहादुरगढ़। विकास वाल्मीकि का स्वागत-सम्मान करते सचिन जून व अन्य।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

## सड़क हादसों में घायलों को डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार कमी आ रही है व ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस व अन्य एजेंसियों द्वारा कार्रवाई करते हुए चालान काटे जा रहे हैं। यह बात डीसी प्रदीप दहिया ने वीरवार को सड़क सुरक्षा कमेटी एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की मासिक समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना के तहत सड़क हादसों में घायलों को सूचीबद्ध अस्पतालों में 1.50 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज का प्रावधान है। उन्होंने इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अस्पतालों को इसका सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पुलिस और अन्य एजेंसियां ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ लगातार चालान काट रही हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं। जिले में सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आई है। बीते वर्ष फरवरी में 35 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं, जबकि इस वर्ष फरवरी में यह संख्या घटकर 24 रह गई।

## ऑटो चालकों को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को एसीपी अखिल कुमार व यातायात प्रभारी नरेश ने ऑटो चालकों को नशे के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों की पालना करने, साइबर अपराध, महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक किया गया। एसीपी अखिल कुमार ने कहा कि नशा करने से जहां हमारे शरीर को नुकसान होता है, वहीं समाज में हमारी छवि भी खराब होती है और हमें धन की हानि भी होती है। इसलिए स्वयं भी नशा न करें और दूसरों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा साइबर अपराध के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि साइबर अपराध से तभी बचा जा सकता है जब हम इसके प्रति जागरूक हो। उन्होंने बताया कि आज का युग टेक्निकल युग है। किसी के भी पास कोई भी ओटीपी मैसेज लिंक किसी अनजान नंबर से आए तो उसे पर क्लिक न करें तथा ओटीपी किसी के साथ साझा ना करें तभी हम साइबर फ्रॉड से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। उन्होंने ऑटो चालकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए भी जागरूक किया।



झज्जर। आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए एसीपी अखिल कुमार। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। रामबाग में अपने परिवार के साथ पौधारोपण करते हुए कृष्णा देवी।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**झज्जर।** शहर के सीताराम गेट निवासी कृष्णा देवी ने भी नैतिक कर्त्तव्य को ध्यान में रखते हुए वीरवार को अपने पति कप्तान सैनी की पुण्यतिथि पर चार पौधे रोपित करते हुए आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सांपला डाईवर्सन रोड स्थित रामबाग पहुंच कर अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पीपल, नीम, बरगद व किन्नू के पौधे रोपित किए। उन्होंने बताया कि पति के अकस्मात निधन उपरांत भी उन्होंने अपने परिवार से विचार विमर्श करने के बाद उनकी आंखें दान कर दी थीं।

### विभिन्न गांवों के किसानों ने अकेहड़ी मदनपुर में दिया धरना

**झज्जर।** टावर लगाने के विरोध में क्षेत्र के गांव अकेहड़ी मदनपुर में धरनारत किसानों के बीच वीरवार को जिले के विभिन्न गांवों से किसानों ने पहुंच कर आवाज बुलंद की। धरने की अध्यक्षता कर रहे पगड़ी संभाल जट्टा किसान मोर्चा के सुक्खा सिंह व चडूनी ग्रुप की ममता कादियान ने बताया कि टावर 67 मीटर जमीन पर लगेगा। अकेहड़ी गांव में जो टावर लगेगा वो तीन किसानों के खेतों में फाउंडेशन बनेगा। इन गांवों के किसान धरना स्थल पर पहुंच रहें हैं। वीरवार को अकेहड़ी मदनपुर के अलावा भूरावास, लडायन, हुमायूंपुर, कोयलपुर, कड़ौधा, चांदौल, नवादा, गोच्छी, बागपुर, गुढ़ा, गिरावड़, छारा, सुर्खपुर, भापडौदा, खरहर आदि गांवों के किसान धरनास्थल पर पहुंचे।



झज्जर। टावर के विरोध में धरनारत किसान। फोटो : हरिभूमि

### गाड़ी की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड घायल

**रेवाड़ी।** एनएच-11 पर भालखी के पास एक अज्ञात गाड़ी की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। गांव सोहडी जिला महेन्द्रगढ निवासी नरेन्द्र सिंह ने कुंड चौकी पुलिस को बताया कि वह फौज से रिटायर्ड है और न्यू रेवाडी रेलवे स्टेशन पर सिक्योरिटी का काम करता है। 14 मार्च को सुबह करीब 11 बजे अपने गांव से ड्यूटी के लिए बाइक पर निकला था। जब करीब 1 बजे वह एनएच-11 भालखी शराब ठेके के पास पहुंचा तो सामने से एक गाड़ी चालक तेज रफ्तार से उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी चोटें आई। मौका देखकर चालक गाड़ी को भगा ले गया।

**सूचना**

हम, ओमप्रकाश पुत्र श्री मामन सिंह व इंद्रावती पत्नी ओमप्रकाश निवासी गांव आसौदा टोडरान, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र रोहित और हमारी पुत्रवधु रजनी हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**NOTICE**

I, Tamanna D/o Sh. Manoj R/o H.No. 314, Ward No. 2, Patel Park, Linepar, Bahadurgarh Distt. Jhajjar HR declare That my correct Aadhar Id No. is 6392 1349 9565 which is wrongly shown as 842190244294 in my 10th Class Mark Sheet, issued by HBSE Board, in the year June-2019 under Roll No. 2019509347. (Copy of Mark sheet is enclosed herewith). Now I want to get correct my Aadhar Id No. 6392 1349 9565 instead of 842190244294 in my 10th Class Mark Sheet as per my Aadhar Card, accordingly, and a fresh Mark sheet kindly may please be issued to me after making above necessary corrections.



### लाभार्थियों को मिले पांच करोड़ 81 लाख 85 हजार रुपये

**झज्जर।** वीरवार को सीएम नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत जरूरतमंद पात्र परिवारों के आवास के सपने को साकार करने के लिए पात्र लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त जारी की। वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम का लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में लाइव प्रसारण किया गया। डीसी प्रदीप दहिया ने जिला स्तर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि जिलाभर के 1293 पात्र लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की गई है। प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 45 हजार रुपए पहुंच जाएंगे। आज प्रथम किस्त के रूप में झज्जर जिला के 1522 लाभार्थियों के खातों में पांच करोड़ 81 लाख और 85 हजार रुपए जारी किए गए हैं।

### मोदी व नायब सरकार हर नागरिक के कल्याण के लिए समर्पितः कौशिक

# सेक्टर-2 में हुआ भाजपा जिलाध्यक्ष का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद वीरवार को विकास वाल्मीकि सेक्टर-2 स्थित भाजपा नेता दिनेश कौशिक के कार्यालय में पहुंचे। यहां दिनेश कौशिक सेवामूर्ति के अलावा, अटल मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, कानौंदा मंडल अध्यक्ष सोनू, मांडोठी मंडल अध्यक्ष महावीर दलाल, शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी व उपाध्यक्ष रणजीत दहिया ने उनका अभिनंदन किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। संगठन के विस्तार से चर्चा करते हुए त्रिदेव बनाने व अपने-अपने बूथ को मजबूत करने का आह्वान किया। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि मोदी व नायब सरकार हर नागरिक के कल्याण के लिए समर्पित हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। केंद्र व राज्य सरकार की गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुदेश देवी, सुशासन विभाग जिलाध्यक्ष रामकंवार सैनी, प्रवीन सिंगल, दुष्यंत काजला, बबलू कानौंदा, प्रदीप गुप्ता, नीतेश शर्मा, संतोष सोलंकी व इंदू बागड़ी आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। भाजपा जिलाध्यक्ष का अभिनंदन करते दिनेश कौशिक व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**थाना शहर झज्जर** **जिला झज्जर**

राज्य द्वारा - सुनिल तलवार पुत्र सतीश तलवार वासी वार्ड न0 4 झज्जर
अभियोग संख्या-67 दिनांक 15.03.2025 धारा 127 (6) BNS थाना शहर झज्जर
बनाम- **

**इस्तहार गुमशुदा व्यक्ति मनोज तलवार उर्फ सन्टी**



आप सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 07.03.2025 को मनोज तलवार उर्फ सन्टी पुत्र सतीश तलवार वासी घोसियान मोहल्ला वार्ड न0-4 शहर झज्जर समय करीब 01:00 PM पर अपने घर से बिना किसी को बताए चला गया है जो अभी तक घर नही आया है इस सम्बध मे मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर किया गया है गुमशुदा व्यक्ति का हुलिया इस प्रकार से है। - रंग गेहुआँ, लम्बुतरा चेहरा, हस्ट-पुस्ट शरीर, कद 5 फुट 7 इंच, उम्र 47 वर्ष, शिक्षा BA पास, पीले रंग कि कमीज सफेद रंग का पजामा, पैरों मे चमड़े के सलिपर पहने हुए है। यदि गुमशुदा व्यक्ति बारे किसी को कोई सुचना मिले या दिखाई दे तो नीचे दिए गये नम्बरों पर सम्पर्क करे। धन्यवाद।

SHO CITY JHAJJAR 7056667218
IO 9416945677
CONTROL ROOM (JJR) 7056667275

हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 21 मार्च 2025

### गरीब कल्याण संस्था की टीम ने बचाई मजदूर की जान

**झज्जर।** शहरी क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रवासी मजदूर की तबीयत जब बिगड़ी तो गरीब कल्याण संस्था सदस्यों द्वारा न केवल उसे स्थानीय नागरिक अस्पताल की एमरजेंसी में दाखिल कराया बल्कि जब चिकित्सकों ने उसे गंभीर हालत के चलते रोहतक पीजीआई रेफर किया तो संस्था सदस्यों ने उसकी वहां भी मदद की। गरीब कल्याण संस्था सदस्य करण सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश से मजदूरी करने आया सुनील कुमार अपनी पत्नी व दो बच्चों सहित यहां रहकर मजदूरी का काम करता है। बीती सत्रह मार्च को भूलवश उसने नशीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसके कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई। बाद में सुनील की पत्नी ने जब संस्था सदस्यों से संपर्क करके सहायता मांगी तो वे अपनी टीम के सदस्य प्रीति दहिया व रविंद्र कुमार स्वामी के साथ सुनील को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई तक ले गए। यहां दो दिन बाद जब सुनील को छुट्टी मिली तो उसने जान बचाने के लिए संस्था सदस्यों का आभार जताया।

H.D. SR. SEC. SCHOOL
Salhawas (Jhajjar)
2025-26 ADMISSION OPEN
डॉक्टर बनने का सपना आपका, वादा हमारा
ABHINAV S/o TEJENDER SINGH 700/720 Jawahar Lal Nehru Medical College Aligarh Muslim University, Aligarh
MBBS SELECTIONS IN GOVT. COLLEGES (2024)
SEEMA D/o SURENDER SINGH 672/720 BPS, Khanpur (Sonipat)
NIDHI D/o DEVRAJ SINGH 667/720 SHKM Nuh (Mewat)
NAMRATA JAKHAR D/o AMARDEEP JAKHAR 665/720 Atal Bihari Govt. Coll. Faridabad
TANNU D/o PAWAN SINGH 665/720 Atal Bihari Govt. Coll. Faridabad
SACHIN KUMAR S/o GYANCHAND SINGH 660/720 CMC Mahasamund Chattisgarh
SUNIDHI D/o PARAMJEET SINGH 657/720 FAAMC Barpeta Assam
DIVYA D/o RISHI SINGH 650/720 Maharaja Agrasen Med. Coll. Agroha
DEEPIKA D/o TILAK RAJ 649/720 Government Medical College Kozhikode
Limited Seats Available
Class XI Coaching Classes from 21st March
For Registration- 8053182748
www.hdsalhawas.co.in
email: hdschool.salhawas@gmail.com

## खबर संक्षेप

### रायपुर गांव के खेत से थ्री फेज की मोटर चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के रायपुर के खेत में लगी थ्री फेज वाली मोटर चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित किसान आशीष ने बताया कि उसका खेत गिजाडौद रोड है। उसने अपने खेत में इंजन के साथ थ्री फेज वाली मोटर लगा रखी थी। जब वह बीती सत्रह मार्च को खेत पहुंचा तो वहां से मोटर चोरी हो चुकी थी। उसने अपने स्तर पर मोटर को तलाशने का प्रयास भी किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पेट्रोल पंप के नजदीक खड़ी गाड़ी से डीजल चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दादरी तोए में पेट्रोल पंप के नजदीक खड़ी एक गाड़ी से डीजल चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में कुतानी गांव निवासी रविंद्र ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है और उसके पास कई गाड़ियां है। बीती 19 मार्च को उसके गाड़ी चालक ने दादरी तोए में एक पेट्रोल पंप से 502 लीटर डीजल डलवाया था। उसके बाद उसका चालक रोहित गाड़ी को पेट्रोल पंप पर खड़ा करके गाड़ी के अंदर सो गया। जब उसने वीरवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे उठकर देखा तो उसकी गाड़ी से तेल चोरी हो चुका था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### समाधान शिविर में सीटीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को को जिला स्तरीय समाधान शिविर में सीटीएम रविंद्र मलिक ने जन शिकायतों को सुना और जल्द समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। शिविर में पेयजल आपूर्ति, बिजली कटौती, प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियां और परिवार पहचान पत्र से जुड़ी शिकायतें प्रमुखता से सामने आईं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य नागरिक को राहत पहुंचाना है।

### डीसीपी ने किया नाकों का निरीक्षण

**बहादुरगढ़।** शहर में अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम और नशीले पदार्थों के धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा अलग-अलग 11 स्थानों पर नाकाबंदी की गई है। वीरवार को पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने नाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त ने नाकों पर तैनात कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में भी बातचीत की। मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान किया गया।

### तीन दिवसीय इंटर पॉलीटेक्निक एथलेटिक मीट का हुआ समापन

## डिस्कस थ्रो में गुलशन जीपी भिवानी और लड़कियों में सरला रही प्रथम

- औमप्रकाश धनखड़ ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। झज्जर

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में चल रही तीन दिवसीय इंटर पॉलीटेक्निक एथलेटिक मीट वीरवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बतौर मुख्यातिथि और कृष्ण कुमार कटारिया डायरेक्टर तकनीकी शिक्षा विभाग ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।

पूर्व मंत्री औमप्रकाश धनखड़ ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। खेल प्रभारी सतेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि प्रतियोगिता परिणामों में लड़कों के डिस्कस थ्रो में गुलशन जीपी भिवानी प्रथम, मोहित जीपीईस महम द्वितीय और रविदत्त जीपी नारनौल तृतीय रहे। लड़कियों की इसी स्पर्धा में सरला जीपी नीलोखेड़ी प्रथम, साक्षी जीपी छप्पार द्वितीय और सिमरन जीपीडब्लू सिरसा तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों के ट्रिपल जंप में सिद्धांत जीपी भिवानी प्रथम, अजय जीपी छप्पार द्वितीय और आशीष



**झज्जर।** रस्साकसी प्रतियोगिता में जोर आजमाते हुए खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि




**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और स्टॉफ सदस्यों के साथ पूर्व मंत्री औमप्रकाश धनखड़। फोटो :हरिभूमि

जीपी अंबाला तृतीय रहे। लड़कों के हैमर थ्रो में गुरजप सिंह जीपी सिरसा पहले, रोहित जीपी झज्जर दूसरे और प्रिंस जीपी सिरसा तीसरे स्थान पर रहा। लड़कों की 100 मीटर बाधा दौड़ में उमेश जीपीएस सांघी ने पहला, लव एसजेपीपी दामला ने दूसरा और हर्ष जीपी नारनौल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की बाधा दौड़ में रीनू जीपीडब्लू सिरसा प्रथम, मनीषा जीपी डब्लू सिरसा द्वितीय और रिंकू जीपी भिवानी तृतीय रही।

- राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में चल रही तीन दिवसीय इंटर पॉलीटेक्निक एथलेटिक मीट संपन्न

लड़कों की 5000 मीटर दौड़ में अमित जीपी धांगर प्रथम, मनीष जीपी सोनीपत द्वितीय और खुशीराम जीपी चोपटा तृतीय रहे। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में मानव जीपी नानकपुर प्रथम, हर्ष जीपीएस लिसाना द्वितीय और कुशल एसजेपीपी दामला तृतीय रहे। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में महक एसजेपीपी दामला प्रथम, ममता जीपीईसी चीका द्वितीय और रीनू जीपीडब्लू सिरसा तृतीय रही।

## पूर्व एसआई की आत्महत्या में जांच कर रही पुलिस

- मामले में नामजद आरोपियों से पुलिस द्वारा पूछताछ की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बहादुरगढ़

दिल्ली पुलिस के पूर्व सब इंस्पेक्टर द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामले में नामजद आरोपियों से पुलिस द्वारा पूछताछ की जाएगी। दरअसल, बामडोली गांव के नरेंद्र पिछले कई सालों से यहां सेक्टर 6 में रह रहे थे। दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर रह चुके थे। इसके अलावा रियल एस्टेट कारोबारी भी थे। बुधवार की सुबह अपने मकान में वह मृत अवस्था मिले। उनके सिर में गोली लगी थी। अपनी ही लाइसेंसी रिवाल्वर से उन्होंने आत्महत्या की थी। मरने से पहले उन्होंने कुछ वीडियो क्लिप्स बनाई। साथ ही कई पेज का सुसाइड नोट लिखा। वीडियो और सुसाइड नोट में उन्होंने अपने दर्द की पूरी दास्तां बयां की। साथ ही अपनी मौत के लिए उन्होंने अपने ससुर, साढ़ू, सास, पत्नी व तीनों बच्चों को जिम्मेदार ठहराया था। इतना ही नहीं, उन्होंने वीडियो में ये भी कहा कि उसने परिवार के लिए बहुत मेहनत की लेकिन उन्हें अकेला छोड़ दिया गया। मरने के लिए मजबूर कर दिया। वहीं मृतक के बड़े भाई जोगेंद्र ने भी पुलिस को यही बयान दिया कि नरेंद्र पर दबाव बनाया जा रहा था। आरोपी उसकी संपत्ति हड़पना चाहते थे। उनकी प्रताड़ना और दबाव में आकर नरेंद्र ने इस कदम के लिए मजबूर कर दिया। इस आधार पर पुलिस ने आरोपी ससुर, सास, साढ़ू, नरेंद्र की पत्नी व तीनों बच्चों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया। सेक्टर 6 थाने से जांच अधिकारी सुरेंद्र कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। मामले में जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द ही पूछताछ में शामिल किया जाएगा।

## पलभर में चोरी हो रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बहादुरगढ़

इलाके में दोपहिया वाहनों की चोरी हो रही है। दिन दहाड़े मुख्य मार्गों से भी पलभर में वाहन पर हाथ साफ कर दिया जाता है। लगभग हर रोज किसी न किसी थाने में लोग वाहन चोरी की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं।

अब यहां सेक्टर 9 बाईपास पर एक दुकान के बाहर से पलभर में बाइक पर हाथ साफ कर दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में यूपी मूल के आदित्य का कहना है कि वह यहां दयानंद नगर में रहता है। अपनी बाइक लेकर सेक्टर-9 बाईपास पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास स्थित पकोड़े की दुकान पर आया था। बाइक बाहर खड़ी कर सामान लेने अंदर चला गया।

कुछ मिनट बाद बाहर निकला तो बाइक नहीं थी। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया। पुलिस तलाशने में मदद करे। इस शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ओरल हेल्थ को लेकर किया जागरूक

- डा. मंजू ने कहा कि स्वस्थ मुख ही स्वस्थ जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बहादुरगढ़

विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस को लेकर शहर के नागरिक अस्पताल में दंत रोग विभाग द्वारा वीरवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अस्पताल में आने वाले मरीजों, तिमारदारों व आमजन को दांतों व मुंह की सफाई के बारे में जागरूक किया गया।

ओरल हेल्थ को लेकर 20 अप्रैल तक चलने वाली इस जागरूकता मुहिम का शुभारम्भ अस्पताल की पीएमओ डा. मंजू कादयान ने किया। कार्यक्रम में एसएमओ डा. सुमन कोहली के अलावा दंत रोग विभाग से डीएमएस डा. संदीप गुलिया, डा. विपिनेंद्र दलाल, डा. सुनीता देशवाल, डा. निशा गुलिया, डा. किरण व डा. श्रद्धा आदि मौजूद रहे। उन्होंने लोगों को मुख व दांतों की उचित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। डा. मंजू कादयान ने कहा कि स्वस्थ मुख ही स्वस्थ जीवन का आधार है। हमें दांतों व मुंह के स्वास्थ्य के प्रति भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा. मेघा फौगाट ने बताया कि 20 मार्च से 20 अप्रैल तक दंत रोग विभाग की विभिन्न जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम होंगे।




**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में लोगों को टूथब्रश व टूथपेस्ट देती डॉ. मंजू कादयान व अन्य डॉक्टर। फोटो :हरिभूमि

### श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ आज

**झज्जर।** शहर के डायमंड चौक स्थित श्रीगोपाल मंदिर में शुक्रवार से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति सदस्य अश्वनी पाहवा ने बताया कि कथा के दौरान दोपहर बाद तीन बजे सायं छह बजे तक कथा वाचक बाल व्यास पुनीत महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया जाएगा। 27 मार्च तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन के पहले दिन जहां सुबह दस बजे सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी वहीं कथा के समापन उपरांत 28 मार्च को पूर्णाहुति हवन के साथ श्रीमद भागवत कथा का विश्राम किया जाएगा। कथा व्यास ने कहा कि मानव जीवन में भागवत कथा का बड़ा महत्व है। प्रत्येक व्यक्ति को भागवत की सम्पूर्ण कथा का श्रवण करना चाहिए।



पुनीत महाराज।



**बहादुरगढ़।** नशा मुक्ति रैली निकालते बादली कॉलेज के स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

## बादली कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बहादुरगढ़

बादली के चौधरी धीरपाल महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। वीरवार को कॉलेज प्राचार्य आनंद काद्यान व मुख्य अतिथि श्रीनिवास शर्मा ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर शुभारंभ के बाद उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को निष्ठावान तरीके से समाजसेवा करने का संदेश दिया। श्रीनिवास शर्मा ने पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

स्वयंसेवकों ने संस्कृति को दर्शाते हुए एक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। समाज को नशा मुक्त रहने का संदेश देते हुए स्वयं सेवकों ने रैली निकाली। डॉ. रेणू व संदीप की देखरेख में यह शिविर 26 मार्च तक चलेगा। इस मौके पर पर डॉ. मंजीत, डॉ. विकास, डॉ. विजय व डॉ. सुभाष आदि ने सहयोग दिया।

## एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

- परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों से परीक्षा से जुड़ी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बेरी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं के नकल रहित संचालन को लेकर एसडीएम रेणुका नांदल ने वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ व दूबलधन में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों से परीक्षा से जुड़ी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नकल से पास की गई परीक्षा स्वयं विद्यार्थी के लिए ही खतरनाक है। नकल रहित परीक्षा से ही भविष्य संवर सकता है। इसलिए सफल व शांतिपूर्ण परीक्षा करवाना प्रशासन का प्रथम उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों की जांच के लिए विभिन्न फ्लाइंग स्क्वायड का गठन किया गया है। साथ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की फ्लाइंग स्क्वायड भी निरंतर केंद्रों का निरीक्षण कर रही है।



**बेरी।** परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो :हरिभूमि

### सोलो डांस में कृतिका व खुशी पांडेय ने बेहतरीन डांस प्रस्तुत किया

## वार्षिक महोत्सव में मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

- महिला सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक आकर्षण का केंद्र रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸। झज्जर

गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में वार्षिक महोत्सव अचीवर 2025 के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए सोलो डांस, ग्रुप डांस, सोलो सांग, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद गंगा ग्रुप के चैयरमेन भारत गुप्ता व कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर अमन अग्रवाल ने शैक्षिक स्तर 2023-2024 के मेधावी विद्यार्थियों को गोल्डन ईगल अवार्ड के अंतर्गत बीटेक सीएसई की निकिता को पचास हजार व 39 विद्यार्थियों को 10 से 25 हजार रुपये तक के नकद पुरस्कार किए गए। इसके अलावा अकादमिक डिप्टी लीडर अवार्ड के अंतर्गत 60 विद्यार्थियों को 5 हजार से 20 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। सोलो डांस में कृतिका व खुशी पांडेय ने बेहतरीन डांस प्रस्तुत किया। सोलो सांग में अंशुमान, ग्रुप डांस में हरियाणवीं डांस, सुखमंच थिएटर द्वारा महिला सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक आकर्षण का केंद्र रहे।




**झज्जर।** कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। कलशयात्रा निकालती इस्कॉन से जुड़ी महिलाएं।

### इस्कॉन ने निकाली कलश यात्रा

बहादुरगढ़। इस्कॉन से जुड़े संतों के नेतृत्व में वीरवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। कलश यात्रा में शामिल संत व भक्त हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा-कृष्णा हरे-हरे भजन गाते झूमते चल रहे थे। कलश यात्रा बाखली लाइनपार स्थित मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरी। इस दौरान सुंदर गिरधारी प्रभुजी, मनोहर मुरारी दास प्रभुजी, रामानंद चैतन्य दास प्रभुजी, श्रीनिवास आदिदेव प्रभुजी, राजेंद्र राम प्रभुजी, कृपालु अक्रूर प्रभुजी आदि ने बताया कि इस्कॉन देशभर में लोगों को अध्यात्म से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

### बहादुरगढ़ में फुटबॉल प्रतियोगिता आज से

**बहादुरगढ़।** हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से चार दिवसीय सीनियर स्टेट वूमेन फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। मेहंदीपुर डाबोदा कलां के स्टेडियम में यह प्रतियोगिता आज शुक्रवार से शुरू हो रही है। कोच प्रदीप दलाल ने बताया कि तमाम जिलों की टीमें इसमें भाग लेंगी। झज्जर जिले की टीम का भी चयन किया जा चुका है। आगामी 24 मार्च को निर्णायक मुकाबले खेले जाएंगे। विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा।

### शक्ति नगर में गरीबदास का पाठ आज से

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार से शक्ति नगर में संत शिरोमणि गरीबदास जी महाराज की अमृतमयी वाणी का पाठ प्रकाश शुरू हो रहा है। संत गरीबदास की परम भक्त जयश्री देवी ने बताया कि छुड़ानी धाम निवासी अजीत सिंह धनखड़ के निवास स्थान पर 3 दिवसीय अखंड पाठ शुक्रवार 21 मार्च से शुरू होगा। छुड़ानी धाम के गद्दीनशीन महंत दयासागर वाणी पाठ प्रकाश का शुभारम्भ करेंगे। तीन दिनों तक संत महात्मा अमृतमयी वाणी के साथ सत्संग भी फरमाएंगे। नित्य नियम से संध्या आरती भी की जाएगी। वाणी पाठ का मध्य भोग 22 मार्च और पूर्ण भोग 23 मार्च को लगाया जाएगा। टांकड़ी धाम के महंत कमल सागर वाणी पाठ के भोग अवसर पर सत्संग फरमाएंगे। वाणी पाठ के भोग पश्चात शुद्ध देशी घी का भंडारा भी लगाया जाएगा।

### बॉक्सिंग के राज्य स्तरीय ट्रायल्स आज से

**झज्जर।** हरियाणा मुक्केबाजी संघ द्वारा मेजर सतपाल संधू के नेतृत्व में 21 और 22 मार्च को जिले के महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग की राज्य स्तरीय ट्रायल्स का आयोजन किया जाएगा। कोच हितेश देशवाल ने बताया कि इस ट्रायल्स की चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए एक अनुभवी सिलेक्शन कमेटी गठित की गई है, जिसमें अर्जुन अवार्डी और ओलंपियन अखिल कुमार, जय भगवान और दिनेश दादा शामिल हैं। हरियाणा मुक्केबाजी संघ के महासचिव रवींद्र पन्नू और डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन ओमबीर हुड्डा भी चयन प्रक्रिया में विशेष भूमिका निभाएंगे। मुख्य उद्देश्य राज्य के होनहार मुक्केबाजों को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

### नगर परिषद ने कम रेट भरने वाली एजेंसी को दिया लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस

# बहादुरगढ़ में 46 लाख रुपये खर्च करके चालू होंगी ट्रैफिक लाइट्स

### जाम से निपटने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक लाइटों को फिर चालू करवाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में जाम की स्थिति से निपटने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक लाइटों को फिर से चालू करवाने की कवायद सिरे चढ़ने वाली है। ट्रैफिक लाइटों की मरम्मत और विस्तार के लिए नगर परिषद द्वारा करीब 48 लाख रुपए का टेंडर लगाया गया था। टेंडर खुलने के बाद नेगोशिएशन की औपचारिकताएं पूरी कर संबंधित एजेंसी को लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस जारी कर दिया गया है। बता दें कि नगर परिषद द्वारा बहादुरगढ़ में कई बार ट्रैफिक लाइट्स लगवाई गई। कई मर्तबा उनकी मरम्मत करवाई गई। लेकिन यह व्यवस्था कभी सुचारू नहीं रह पाई। अलग-अलग टुकड़ों में 10 स्थानों पर ट्रैफिक लाइटें लगी थी। कुछ वर्षों पहले दिल्ली-रोहतक रोड और झज्जर मोड़ पर ट्रैफिक लाइट लगाई गई थीं। ये लाइटें अमूमन खराब ही रही। फिर बस अड्डे, सेक्टर-6 और सब्जी मंडी के निकट भी ट्रैफिक लाइटें लगाई गई थी। उनके साथ भी इतिहास दोहराया गया। वेस्ट जुआं ड्रेन पर बन जक्शना पर भी ट्राफिक लाइट लगवाई गई थी। शहर में ट्रैफिक लाइटों को चालू करने के लिए 48 लाख रुपए लागत का टेंडर लगाया गया था। इसमें सिंगल बिड ही आई। ऐसे में दोबारा से इन लाइटों को ठीक करने के लिए टेंडर लगाया गया। जब तीन बिड आई तो टेंडर खोला गया। सबसे कम रेट भरने वाली एजेंसी ने 6 प्रतिशत कम रेट में काम करने पर सहमति जताई है। इसके उपरांत एजेंसी को एलओए जारी कर दिया गया है। अब बैंक गारंटी जमा करवाने के बाद वर्क ऑर्डर जारी कर दिया जाएगा। जिसके बाद ट्रैफिक लाइटों को दोबारा चालू करने का काम शुरू हो पाएगा। माइनस 6 परसेंट रेट होने के कारण अब यह काम 46 लाख रुपए में होने की उम्मीद है। लाइटें दोबारा चालू होने से शहर में हर रोज लगने वाले जाम से कुछ हद तक छुटकारा मिल जाएगा और यातायात सुव्यवस्थित हो जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस की ओर से कार्रवाई भी की जाएगी।



बहादुरगढ़। शहर के झज्जर मोड़ पर लगी ट्रैफिक लाइट्स। फोटो: हरिभूमि

**एलओए जारी**

शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर परिषद की ओर से ट्रैफिक लाइटों को दुरुस्त करवाया जाएगा। इसके लिए 46 लाख रुपए खर्च होंगे। एलओए जारी कर दिया गया है। बैंक गारंटी मिलते ही वर्क ऑर्डर जारी कर देंगे। इसके बाद ट्रैफिक लाइटों को दुरुस्त करवाकर पुलिस विभाग को हैंडओवर किया जाएगा, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुधारू रहे।

*- राजेश कौशिक, एमई, नगर परिषद बहादुरगढ़।*

## रेखाचित्र के माध्यम से गोरैया सरंक्षण का संदेश



झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बनाया गया गोरैया का रेखाचित्र।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने विश्व गौरेया दिवस के उपलक्ष्य में विशाल गोरैया चिड़ियि का रंगोली रेखाचित्र बनाया। मुकेश शर्मा ने बताया कि विश्व गौरैया दिवस पहली बार वर्ष 2010 में मनाया गया था। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को पूरी दुनिया में गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। चौपाल रंगोली में पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, रामवतार शर्मा, रमेश कौशिक, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने बचाई बंदर के बच्चे की जान




बहादुरगढ़। बंदर की देखभाल में जुटे राजेंद्र और नवीन।

बहादुरगढ़। शहर थाना में कार्यरत दो सहायक उपनिरीक्षकों की सूझबूझ के चलते एक बंदर के बच्चे की जान बच गई। दरअसल, रोहतक-दिल्ली रोड स्थित सिटी थाने के बाहर मौजूद बिजली के ट्रांसफार्मर पर एक बंदर का बच्चा चढ़ गया। इसी दौरान करंट के झटके से वह बुरी तरह झुलस गया। दर्द से तड़पता बच्चा थाने के अंदर पहुंच गया। इसी दौरान थाने में तैनात एएसआई राजेंद्र सिंह व एएसआई नवीन की नजर घायल बंदर के बच्चे पर पड़ी तो उनका दिल पसीज गया। उन्होंने तुरंत उसे संभाला और प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद तुरंत उसे बादली रोड स्थित जीव उपचार केंद्र में लेकर गए। जिसके बाद उसका ईलाज शुरू हुआ। एएसआई राजेंद्र और नवीन ने बताया कि बंदर के बच्चे के अगले दोनों पांव बुरी तरह से झुलसे हुए थे और हालत नाजुक थी। यदि समय रहते उसे नहीं संभाला जाता तो उसके प्राणों पर खतरा मंडरा सकता था।

## परनाला में ग्राम सभा के दौरान विकास पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव परनाला में वीरवार को ग्राम सभा हुई। इसमें सरपंच मुकेश अशोक राठी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है। ग्राम सभा के दौरान आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में होने वाले कार्यों का चयन निर्धारण किया गया। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने बताया कि ग्राम सभा पंचायतीराज की मूलभूत इकाई है। ग्राम सभा प्रत्येक राजस्व ग्राम में उस गांव के वयस्क मतदाताओं को मिलाकर तैयार की जाती है। ग्राम सभा की बैठक वर्ष में दो बार बुलाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि वीरवार को हुई ग्रामसभा में गांव की सीवरेज समस्या का स्थाई समाधान करने, अवैध कब्जे हटवाने के लिए सरकार की नई नीति अपनाने, पेयजल की समस्या का निराकरण करवाने, शामलात देह व पंचायती जमीन का सदुपयोग करने के लिए, गांव में कचरे के उठान, जोहड़ों में पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाने, पट्टे पर जोहड़ व जमीन देने आदि मुद्दों पर विमर्श किया गया। इस अवसर पर पंचायत सदस्य परविंद्र, राजीव, सूरत नंबरदार, आकाश, सचिन, नरेंद्र, जितेंद्र मैंबर, प्रमोद, रमेश, अमरजीत, ओमप्रकाश, हरि सिंह, प्रीतम, सूरज, प्रहलाद, कुलबीर मैंबर, तेजपाल मैंबर, सुभाष, जोगी, अजय चौकीदार व रणबीर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। ग्राम सभा में अशोक राठी के साथ मौजूद परनाला के ग्रामीण।

### विधायक गीता भुक्कल ने उठाया मुद्दा

## विधानसभा में उठा झज्जर की बदहाल सड़कों का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को स्थानीय विधायक गीता भुक्कल ने विधानसभा में झज्जर की बदहाल सड़कों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों की हालत बद से बदतर है। जिसके कारण जहां आवागमन में भारी परेशानी हो रही है, वहीं सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे तो सरकार बगैर किसी भेदभाव के प्रदेश का विकास कराने की बात कहती है। लेकिन इन वायदों में कितनी सच्चाई है यह जिले की खस्ताहाल सड़कों को देखकर मिल सकती है। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से शहर व क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों का मामला विधानसभा में उठाती रही है। बदहाल सड़कार्के के फोटो भी दिखाए है,लेकिन यहां संबंधित विभाग के मंत्री से आश्वासन तो मिला लेकिन सड़कों का सुधार फिर भी नहीं करवाया गया। झज्जर से बहादुरगढ़ मार्ग, सिलानी गेट क्षेत्र से लेकर कुलदीप सिंह चौक, झज्जर से कस्बा बहू मार्ग वाया छुछकवास, मातनहेल, सासरौली, झाड़ली और खानपुर खुर्द सड़क की हालत बदहाल है। वहीं साल्हावास की सड़क वाया मुंदसा, अकेहड़ी मदनपुर लडायन की हालत भी खस्ता है। लेकिन सरकार विपक्ष का हलका होने की वजह से इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।



गीता भुक्कल

### गांव मातन में दर्दनाक हादसा

## पानी की होदी में गिरने से ढाई वर्षीय मासूम की मौत

- बच्चे की मौत से दोनों परिवारों में मातम पसर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव मातन में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां करीब ढाई वर्षीय मासूम खेलते खेलते पानी की होदी में गिर गया। जब तक उसे संभाला गया, देर हो गई। उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मांडोठी पुलिस ने इस संबंध में घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान ढाई वर्षीय विराट के रूप में हुई है। विराट गोयला कलां का रहने वाला था। मातन में वह अपने मामा के यहां आया हुआ था। बुधवार की देर शाम को वह खेल रहा था। इस दौरान वह पानी की होदी में गिर गया। हालांकि तुरंत नाना, नानी की नजर पड़ी तो उन्होंने विराट को पानी से निकाल लिया। आनन फानन में उसे अस्पताल में ले गए। जहां ईलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। वीरवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने परिजनों के बयान पर घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है।

## सेक्टर 7 के मकान से लाखों के गहने चोरी, आरोपी सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में चोरी की वारदात तेजी से बढ़ रही हैं। अब हथियारबंद चोरों ने सेक्टर-7 में स्थित एक मकान को निशाना बना लिया। चोर यहां से लाखों रुपये के आभूषणों के साथ 40 हजार रुपये चोरी करके ले गए। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वारदात के समय परिवार सोनीपत में आयोजित एक जागरण में गया हुआ था। जब वापस लौटे तो वारदात का पता चला। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। हथियारबंद चोर अल सुबह करीब चार बजकर 44 मिनट पर ताला तोड़कर मकान के अंदर दाखल हुए आर कराब 15 मिनट तक वारदात को अंजाम देने में लगे रहे। सीसीटीवी फुटेज में दो चोर घर के अंदर घुसते, निकलते दिखाई दे रहे हैं। जिनमें से एक चोर का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। उसके हाथ में पिस्तौल नुमा कोई हथियार भी था। मकान मालकिन अनीता देवी, के अनुसार वह अपने दोनों बेटों और बहू के साथ सोनीपत में आयोजित एक जागरण कार्यक्रम में गई हुई थी। जब घर लौटे तो दरवाजा खुला हुआ था। अंदर देखा तो सारा सामान अस्त व्यस्त था। जांच करने पर सोने की चेन, दो हार, चार जोड़ी कानों की बालियां, चार जोड़ी पायल, चुटकी तथा चांदी की चेन व 40 हजार की नकदी गायब थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।



बहादुरगढ़। सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहे आरोपी चोर। फोटो: हरिभूमि

## दो सड़क हादसों में तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में दो सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। पेलपा में बाइक सवार दूधिया गाड़ी की चपेट में आया तो यहां झज्जर मोड़ पर एक स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्त जख्मी हो गए। घायलों की शिकायत पर संबंधित थानों की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में सौंधी के निवासी मनोज का कहना है कि वह दूध बेचता है। अपनी बाइक पर सवार होकर दूध लेने के लिए पेलपा की तरफ जा रहा था। जब पेलपा में कुलदीप के मकान के पास पहुंचा तो पीछे से एक कार ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मुझे काफी चोट लगी। कार चालक मौके से फरार हो गया। उसका नंबर भी नोट नहीं कर पाया। लोगों ने मुझको संभाला और अस्पताल में भर्ती कराया। इस शिकायत पर बादली थाने में केस दर्ज हुआ है। उधर,

बिहार मूल के आदित्य का कहना है कि फिलहाल वह यहां पुराना बराही रोड पर रहता है। वह और उसका दोस्त मुकेश बाइक पर सवार होकर कुछ सामान लेने पुराना बस स्टैंड पर जा रहे थे। झज्जर मोड़ पर पहुंचे तो काले रंग की एक स्कार्पियो गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में हमें काफी चोट आई।

### सेक्टर-6 के नाले बदहाल

## नालों की सफाई न होने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर-6 के बदहाल नालों की सफाई नहीं होने पर वार्ड 29 से पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा ने नाराजगी जताई है। उनके अनुसार नगर परिषद ने गत 28 फरवरी को हुई बैठक में नालों की सफाई कराने का एजेंडा पास किया था, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई बारिश के मौसम से पहले ही करवाई जाए।

पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा के अनुसार सेक्टर-6 के नालों में गाद जमा है। नाले क्षतिग्रस्त हैं। नालों में लबालब गंदगी से जलनिकासी संभव नहीं है। नप अधिकारी जानबूझकर बारिश के दौरान ही टेंडर लगाकर नालों की सफाई के नाम पर लीपापोती करेंगे। इससे न तो नालों की सफाई होती है और ना ही पानी की निकासी। हां, नगर के खजाने की सफाई जरूर हो जाती है। उन्होंने कहा कि बैठक के 20 दिन बाद भी नालों की सफाई को लेकर कोई प्रगति नहीं होना चिंता का विषय है। यह लेटलतीफी सेक्टर-6 समेत पूरे बहादुरगढ़ पर भारी पड़ेगी। इस संदर्भ में उन्होंने नगर परिषद कार्यालय में शिकायत दी है। वे शहर के अन्य पार्षदों के साथ डीएमसी से मुलाकात करेंगे तथा कार्रवाई की मांग करेंगे।



बहादुरगढ़। सेक्टर-6 के नालों में भरी गंदगी। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। सत्यप्रकाश छिकारा

### पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया

## संस्कारम स्कूल में शहीद गुरु हरगोविंद सिंह को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में सिखों के छठे गुरु हरगोविंद सिंह की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गुरु हरगोविंद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने गुरु हरगोविंद सिंह के सम्मान में कविताएं व श्लोक वाचन के साथ-साथ देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। संस्कारम् समूह के अध्यक्ष डॉक्टर महिपाल ने अपने संबोधन में बताया कि गुरु हरगोविंद सिंह अपनी वीरता, कूटनीति और रणनीति के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपना अधिकांश समय युद्ध प्रशिक्षण एवं युद्ध कला सीखने में लगाया।



झज्जर। गुरु हरगोविंद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पित करते हुए विद्यार्थी।

## बालोर बाईपास पर स्कूटी सवार से छीना झपटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बालोर बाईपास पर एक स्कूटी सवार राहगीर के साथ छीना झपटी की वारदात हो गई। बाइक सवार दो बदमाशों ने उसको घेर लिया और डरा, धमका कर रुपये छीन ले गए। पीड़ित की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सतपाल सिंह के साथ हुई है। सतपाल दिल्ली के उत्तम नगर का रहने वाला है। बहादुरगढ़ में एचएसआईआईडीसी सेक्टर-4बी में स्थित एक कंपनी में बतौर सुरक्षा कर्मी कार्यरत है। ड्यूटी पूरी करने के बाद वह स्कूटी पर अपने घर जा रहा था। बकौल सतपाल, जब बालोर बाईपास पर पहुंचा तो बाइक सवार दो युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। फिर दोनों नीचे उतरे और मुझे घेर लिया। इसके बाद डरा धमका कर तीन हजार रुपये छीन लिए और फरार हो गए। उधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की लेकिन लुटेरों का पता नहीं चला।

**हालात** | अनुबंधित सफाई कर्मचारियों की हड़ताल लगातार चौथे दिन भी जारी

# कहीं सड़ांध मार रहे कचरे के ढेर तो कहीं आग लगाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद के अनुबंधित सफाई कर्मचारियों की हड़ताल लगातार चौथे दिन भी जारी रही। शहर में जगह जगह लगे कचरे के ढेर इस हड़ताल के असर को बयां कर रहे हैं। गंदगी भरे हालातों के चलते आसपास रह रहे लोगों को परेशानी हो रही है। उठान न होने पर कचरे को जलाया जाने लगा है। वीरवार को भी बहादुरगढ़ में कई जगहों पर कचरा जलता देखा गया। कचरा जलाने से प्रदूषण बढ़ रहा है।

दरअसल, नियमित वेतन की मांग को लेकर सफाई कर्मचारी पिछले लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। हर बार अधिकारियों से आश्वासन के बाद ये काम पर लौटते हैं लेकिन वेतन नहीं मिलता और ये फिर से हड़ताल शुरू कर देते हैं। बीते सोमवार को भी इन्होंने हड़ताल शुरू की, जो वीरवार को चौथे दिन प्रवेश कर गई। नगर परिषद के गेट पर धरना दे रहे इन कर्मचारियों ने अधिकारियों, चेयरपर्सन व ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष जताया। कर्मचारियों का कहना है कि तीन महीने से वेतन नहीं मिला। बिना वेतन कैसे काम करें। इस शोषण को और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। दूसरी तरफ पक्के कर्मचारी भी इन कच्चे कर्मचारियों की मांग को जायज ठहरा रहे हैं। नगर पालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान राजेश ने कहा कि कर्मचारियों की मांग जायज है। वे केवल अपने तीन माह का बकाया वेतन और महीने में चार अवकाश की मांग कर रहे हैं। ये किसी भी कर्मचारी का अधिकार है। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। अधिकारियों कोकर्मचारियों की समस्या का हल करना चाहिए ताकि वे काम पर लौट सकें।



बहादुरगढ़। नप गेट पर नारेबाजी करते धरनारत कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। मेन बाजार में कचरे के ढेर में लगाई गई आग। फोटो: हरिभूमि